(d) Yes, Sir. Prime Minister of India met with President Sardar Farooq Ahmad Khan Leghari of Pakistan as well as with Prime Minister Begum Khaleda Zia of Bangladesh and discussed matters of mutual interest.

निर्यातोन्मुखी खाद्य प्रसंस्करण एककों की स्वीकृति

7120. श्री आस मोहम्मद:
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जुलाई, 1991 में औद्योगिक नीति को उदार बनाए जाने के पश्चात् आज तक शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुखी एकक स्थापित करने हेतु कितने प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं; और उनका राज्य वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इनमें से कितने एककों ने कार्य करना आरंभ कर दिया है और कितने एककों में आज तक कार्य आरंभ नहीं हो पाया है; और

(ग) 31 जनवरी, 1995 तक इन एककों ने कुल कितने मूल्य का निर्यात किया है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई): (क) जुलाई, 1991 में औद्योगिक नीति को उदार बनाए जाने से लेकर अब तक प्रसंस्कृत खाद्य मछली प्रसंस्करण तथा गहन समुद्री मत्स्यन समेत समन्वित एक्वाकल्चर संबंधी 459 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इनका ब्यौरा विवरण पर दिया गया है। (नीचे देखिये)।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार 41 एककों ने काम करना शुरू कर दिया है। बहरहाल, एक परियोजना को लागू करने में आमतौर पर 2-3 वर्ष लग जाते हैं।

(ग) एकक-वार निर्यात आंकड़े इस मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं।

विवरण

जुलाई, 1991 से मार्च, 1995 तक मंजूर किए गए 100 प्रतिशत निर्यातोमुखी यूनिटों का ब्यौरा

क्रम सं॰	राज्य	संख्या
1.	अरूणाचल प्रदेश	106
2.	असम	-
3.	बिहार	1
4.	गुजरात	26
5.	हरियाणा	35
6.	हिमाचल प्रदेश	5
7.	कर्नाटक	24
8.	करेल	28
9.	मध्य प्रदेश	3
10.	उड़ीसा	5
11.	पंजाब	6
12.	राजस्थान	19
13.	तमिलनाडु	37
14.	उत्तर प्रदेश	24
15.	पश्चिम बंगाल	11
16.	मेघालय	1
17.	महाराष्ट्र	91
18.	गोवा	5
19.	पांडिचेरी	2
20.	अन्डमान निकाबार	4
21.	दादर तथा नगर हवेली	2
22.	त्रिपुरा	1
23.	भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र/स्थान का उल्लेख नहीं किया गया है।	23
	योग:	459

संगठित क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण एकक

7121. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का कोई विवरण है;

(ख) यदि नहीं, तो ऐसे उद्योगों की सही संख्या के अभाव में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की विकास संरचना किस प्रकार से तैयार की जाती है; और

(ग) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई): (क) जी हां।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

मत्स्य और अन्य मांसाहारी सामग्री का निर्यात

7122. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश के मेडक जिले में किसी संस्थान को मत्स्य और अन्य मांसाहारी सामग्री का निर्यात करने हेतु निर्यातोन्मुखी उद्योग स्थापित करने की मंजूरी प्रदान की है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार को ऐसे निर्यात से प्रति वर्ष कितनी विदेशी पूंजी की आय होने की संभावना है;

(घ) क्या उपरोक्त संस्थान ने राज्य सरकार की सहायता से ऐसा उद्योग स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(ङ) यदि हां, तो इसका विस्तृत ब्यौरा क्या है?